राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने माननीय प्रधानमंत्री से प्रेरित होकर देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास की यात्रा करनेवाली सीवान (बिहार) की 23 वर्षीया प्रियंका एवं बिहार में आजादी की लड़ाई से जुड़े एक प्रसंग को प्रधानमंत्री जी से साझा करनेवाले मुंगेर के श्री जयराम विप्लव को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 31 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के यशस्वी एवं दूरदर्शी लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की बातों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास जीरादेई की पर्यटकीय यात्रा करनेवाली सीवान (बिहार) की 23 वर्षीया जागरूक बेटी प्रियंका पांडेय एवं बिहार में आजादी की लड़ाई से जुड़े एक प्रसंग को प्रधानमंत्री जी से साझा करनेवाले मुंगेर के श्री जयराम विप्लव को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

अपनी शुभकामना में राज्यपाल ने कहा है कि प्रियंका जी जैसे जागरूक एवं होनहार विद्यार्थी ही प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करते हैं तथा अपने परिवार एवं समाज को भी प्रतिष्ठा दिलाते हैं। राज्यपाल ने कहा है कि प्रियंका जैसे सजग–सचेत, कर्मठ एवं अभिप्रेरणा ग्रहण करने के लिए सदैव तत्पर युवा से ही देश और समाज गौरवान्वित होता है।

महामहिम राज्यपाल ने कहा है कि प्रियंका जी जैसी होनहार छात्रा एवं जयराम विप्लव जी जैसे राष्ट्रभक्त बिहारवासी को राजभवन पटना में भी आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया जायेगा।

ज्ञातव्य है कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 23 वर्षीया सीवानवासी बिहार की बेटी सुश्री प्रियंका द्वारा 'नमो एप' (Namo App) पर लिखी गई उसकी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए आज आकाशवाणी से प्रसारित अपनी 'मन की बात' कार्यक्रम में इस बात का उल्लेख किया कि सीवान की हिन्दी साहित्य की विद्यार्थी प्रियंका जी ने उनके सुझावों से प्रेरित होते हुए पहली जनवरी को भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद के पैतृक निवास का परिभ्रमण किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रियंका अपने घर से 15 कि॰मी॰ दूर प्रथम राष्ट्रपति जी के पैतृक निवास पर पहली बार जाकर काफी अभिप्रेरित हुईं। वहाँ उन्हें डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी द्वारा लिखी गई किताबें प्राप्त हुईं और अनेक ऐतिहासिक तस्वीरें देखने को मिलीं। प्रधानमंत्री जी से प्रियंका ने बापू की जीरादेई यात्रा के समय की राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद जी की एक तस्वीर भी साझा की है। प्रधानमंत्री ने आज 'मन की बात' के दौरान अपने सम्बोधन के क्रम में कहा कि ''वाकई प्रियंका जी का यह अनुभव दूसरों को भी प्रेरित करेगा।''

आगे...पृष्ठ...2 पर

इसी तरह, माननीय प्रधानमंत्री ने मुंगेर के एक श्री जयराम विप्लव द्वारा स्वतंत्रता–संग्राम से जुड़े बिहार के तारापुर (मुंगेर) की एक घटना जिसमें अनेक भारतमाता के सपूत स्वतंत्रता–सेनानी शहीद हुए थे, के उल्लेख को भी अत्यन्त प्रेरणादायी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तारापुर शहीद दिवस (15 फरवरी, 1932) की घटना के बारे में सविस्तार चर्चा एवं उल्लेख होना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी राष्ट्रप्रेम की भावना से अनुप्राणित हो।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता के आनेवाले 75वें वर्ष के मद्देनजर स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े अपने क्षेत्र की घटनाओं और भारतीय स्वतंत्रता के महानायकों पर पुस्तक–लेखन के लिए युवा लेखकों को प्रेरित करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान के आलोक में बिहारी युवा लेखकों को भी उत्साहित होकर रचनात्मक पहल करने का अनुरोध किया है।

राज्यपाल श्री चौहान ने बिहारी प्रतिभाओं की पहचान एवं प्रशंसा के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनका हार्दिक अभिनन्दन भी किया है।

....